तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 22 अक्टूबर 2025



11 इंडस स्कूल में होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित




11 पुंडरीक तीर्थ परिसर 5100 दीपों से जगमगाया




EXCELLENCE THROUGH FAITH & COMMITMENT
RPSGOS

# RPS GROUP OF SCHOOLS

Under the aegis of RPS Education Society, M/Garh

27 years Excellence in Education

## 7th All India RPS OLYMPIAD

Online & Offline Mega Event

| REGISTRATION FEE | CLASSES I-V | CLASSES VI-X |
|---|---|---|
| | ₹ 260/- | ₹ 370/- |

FIRST PHASE (IX – X) (ONLINE) — 2025 25th OCTOBER

FIRST PHASE (I – VIII) (ONLINE) — 2025 26th OCTOBER

SECOND PHASE (I – X) (OFFLINE) — 2025 8th NOVEMBER

| CLASS | 1ST | 2ND | 3RD | 4TH - 30TH | 31ST - 40TH |
|---|---|---|---|---|---|
| IX-X | ₹ 31000 | ₹ 11000 | ₹ 7100 | ₹ 3100 | ₹ 2100 |
| VIII | ₹ 21000 | ₹ 11000 | ₹ 7100 | ₹ 3100 | ₹ 2100 |
| IV-VII | ₹ 11000 | ₹ 7100 | ₹ 5100 | ₹ 3100 | ₹ 2100 |
| I-III | ₹ 11000 | ₹ 7100 | ₹ 5100 | ₹ 3100 | ₹ 2100 |

Lot many exciting rewards from 41ST - 50TH

LAST DATE OF REGISTRATIONS
2025 24th OCTOBER (TILL 9:00 AM)

*For details related to Subjects, Class-wise Syllabus & Registration please refer to our website
www.rpsolympiad.in

Unlock PYQs Here

For enquiries related to RPS Olympiad, Please contact Ph.:8222999182, 8409989898, 7827466258, 9467064534, 70424 96986

## FUTURES ILLUMINATED-DIWALI OF SUCCESS !

CUET -2025 AIR-3
Marks 1205/1250
PURVA SINGH
D/o Ms. BHAWNA & Mr. KULDEEP SINGH

Selected in TEAM INDIA for IJSO-2025 to be held at SOCHI, RUSSIA
AADISH JAIN
S/o Dr. RITIKA JAIN & Dr. GOURAV JAIN

UNIVERSITY OF SOUTHAMPTON, ENGLAND
GAURAV DEWAN
S/o Ms. ARITA DEWAN & MR. ASHISH DEWAN

ISI (INDIAN STATISTICAL INSTITUTE, KOLKATA)
AIR 2
ISHAN AFRIA
S/o Ms. SANTOSH & Mr. NARENDER KUMAR

CBSE CLASS XII TOPPERS
99% MARKS
ANUSHKA ROY
D/o Ms. REENA CHAUDHARY Mr. SANJAY ROY

99% MARKS
PARV
S/o Ms. DEEPIKA & Mr. NAVNEET

CBSE CLASS X TOPPER
99.6% MARKS
DHRUV SINGHROHA
S/o Ms. ARCHANA & Mr. VIRENDER SINGHROHA

JUNIOR & YOUTH NATIONAL PARA BADMINTON CHAMPIONSHIP 2025
5 GOLD MEDALS
KARTIK SUHAG
S/o Ms. SAROJ & Mr. SATISH KUMAR

ODISSI DANCE SCHOLARSHIP CTSSS
CBSE CLASS- X 99%
AMISHI GAUTAM
D/o Ms. SAPNA GAUTAM & Mr. ANURAG GAUTAM

## ROAD TO SRCC

| Name | Parents | College |
|---|---|---|
| PURVA SINGH | D/o Ms. BHAWNA & Mr. KULDEEP SINGH | SRCC, DELHI |
| VAISHNAVI PANDEY | D/o Ms. PUSHPA TIWARI & Mr. RAGHAWENDRA N. P. | SRCC, DELHI |
| HARISH KUMAR | S/o Ms. NEELAM YADAV & Mr. ASHOK KUMAR | SRCC, DELHI |
| RIDDHIMA | D/o Ms. KAVITA & Mr. RAJKUMAR | SRCC, DELHI |
| DAKSHU | S/o Ms. REKHA DEVI & Mr. DINESH KUMAR | SRCC, DELHI |
| MANNU DEV | S/o Ms. SAROJ & Mr. DHARMENDER | SRCC, DELHI |
| HARSHITA YADAV | D/o Ms. KUSUM YADAV & Mr. KULDEEP SINGH | SRCC, DELHI |

## SUPER ACHIEVEMENTS:

SHAPING CHAMPIONS WITH A 360° VISION

- 107 STUDENTS Above 500 Marks NEET Qualifiers
- 55 STUDENTS Above 99%ile JEE Main Qualifiers
- 96 STUDENTS JEE Advanced Qualifiers
- 145 STUDENTS NDA Written Qualifiers
- 59 STUDENTS CLAT Qualifiers
- 155+ STUDENTS 95% & Above CBSE CLASS-XII
- 435+ STUDENTS 95% & Above CBSE CLASS-X

## ADMISSIONS OPEN SESSION 2026-27

RPS TAKES THE GLOBAL LEAP WITH THE INTERNATIONAL BOARD FROM SESSION 2026-27

**Our Campuses:** Mahendergarh | Rewari | Rewari City | Dharuhera | Kosli | Behror | Hansi | Narnaul | Hisar | Gurugram Sec- 50 | Gurugram Sec- 89 | Karnal | Rohtak | Dadri | Rosewood City, Gurugram | Kanina | RPSIS Dharuhera

Top-Notch **Hostel Accommodation** for **Boys and Girls** at **M/GARH, KANINA, BEHROR, KOSLI** & **HANSI** CAMPUSES

Web.: www.rpsgroup.edu.in

## खबर संक्षेप

### घर में घुस महिला से अश्लील हरकत, केस

जींद। गांव बुडायन घर में घुस महिला से अशील हरकत करने पर उचाना थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बुडायन निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर रात वह घर में अकेली थी। उसी दौरान गांव का ही राममेहर घर में घुस आया और अशील हरकत करने लगा।

### फोटो स्टूडियो में लगी आग, सामान जला

जींद। जिले में फोटो स्टूडियो में आग लगने से उनमें रखा सामान जल कर राख हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाडियों ने आग पर काबू पाया। नरवाना निवासी अरूण के फोटो स्टूडियो में बीती रात आग भड़क उठी। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया तब तक स्टूडियो में रखा सामान राख हो चुका था।

### वरिष्ठ नागरिक परिषद ने किया हवन

जींद। वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक का प्रधान बूटा सिंह पूनिया की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। सर्वप्रथम दीवाली के उपलक्ष्य पर परिषद द्वारा हवन किया गया। पैटर्न इन चीफ कर्नल सूबे सिंह ढांडा ने प्रत्येक सदस्य को समाज में अच्छाई के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया ताकि आने वाली पीढ़ी इससे प्रभावित हो और एक स्वच्छ व प्रतिशील समाज का निर्माण हो।

### पटाखे बेचते दो काबू, 70 किलोग्राम बरामद

जींद। सफीदों पुलिस ने नागरिक अस्पताल के निकट छापेमारी कर दो लोगों के कब्जे से लगभग 70 किलोग्राम बम व पटाखे बरामद किए हैं। शहर थाना सफीदों पुलिस ने पकड़े गए दोनों लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सफीदों पुलिस को सूचना मिली थी कि नागरिक अस्पताल के निकट दो युवक दुकान पर बम व पटाखे बेच रहे हैं।

### एक लाख 30 हजार 559 एमटी धान की खरीद पूर्ण

जींद। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले की विभिन्न मंडियों में धान की आवक एवं खरीद कार्य सुचारू रूप से जारी है। गत दिवस तक जिले की मंडियों में कुल एक लाा 30 हजार 559 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। नरवाना मंडी में 61 हजार 440 एमटी, उचाना मंडी में 13,600 एमटी सफीदों मंडी में 15,526 एमटी, धमतान मंडी में 13473 एमटी, पिल्लूखेड़ा मंडी में 9900 एमटी, अलेवा मंडी में 5382 मीट्रिक टन, गढ़ी मंडी में 4253 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है।

### कई स्थानों पर टूटे ताले जेवर और सामान चोरी

जींद। जिले में बीती रात चोरों ने दो मकानों तथा एक दुकान का ताला तोड़ कर सोने, चांदी के जेवरात, नगदी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव उचाना कलां निवासी नरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर एलईडी दस हजार की नगदी को चोरी कर लिया।

### भ्रष्टाचार के विरुद्ध डिजिटल पहल

जींद। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो करनाल मंडल के पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र सांगवान ने बताया कि हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनजागरूकता बढ़ाने और शिकायत प्रक्रिया को अधिक सुलभ बनाने के लिए एक एआई आधारित व्हाट्सअप एप चैटबॉट सतर्क शुरू किया गया है।

### पशु तस्करी कर ले जाते दो गिरफ्तार, पूछताछ जारी

जींद। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने गांव बनियाखेड़ा टोल प्लाजा पर गाड़ी को काबू कर उसमें से दो बैलों को बरामद कर दो लोगों को काबू किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता, हरियाणा गौवंश संवर्धन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

---

## सत्र 2019 से 2025 तक के जिलास्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को नकद पुरस्कार दे किया सम्मानित


# इंडस स्कूल में होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

### 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले छात्रों को उपहार भेंट किए

**शाम-ए-कामयाबी कार्यक्रम का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। इंडस स्कूल में होनहार छात्रों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि







इंडस पब्लिक स्कूल जींद ने शाम-ए-कामयाबी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में इंडस पब्लिक स्कूल में सत्र 2019 से 2025 तक के जिलास्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को नगद पुरस्कार और 90% से ऊपर अंक लाने वाले छात्रों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के तौर पर उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इंडस निदेशक सुभाष श्योराण, इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के चेयरमैन सुरेंद्र, दिव्या, हुसा के प्रधान सुदेश कुमार, सहोदय स्कूल के प्रधान अजीत यादव, समाजसेवी जितेंद्र चहल व पवन मलिक, इंडस ग्रुप संयोजक प्रवीण परूथी, इंडस ग्रुप के कोर्डिनेटर संजीव तायल, स्कूल निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार एवं मुख्यध्यापिका गुरमीत कौर उपस्थित रही। निदेशक सुभाष श्योराण ने मुख्यअतिथियों का स्वागत किया और स्कूल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। स्कूल प्रांगण में बच्चों ने विभिन्न तरह की रंगोलियां बनाई। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें स्वागत गीत, समूहगीत (चौपाई), एकल नृत्य (पिया तोसे लागा), सांस्कृतिक नृत्य (लावनी), एकल गीत (इतना दियासरकार ने), समूहगीत (छाप तिलक), सांस्कृतिक राजस्थानी नृत्य, पंजाबी गिद्दा, समूह गीत (पल-पल दिल के पास), एकल नृत्य (तुमको देखा तो), समूहगीत (मेरा आपकी कृपा से) आदि प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। यह कार्यक्रम सत्र 2019 से 2025 तक के 10वीं और 12वीं के 90% अंक लाने वाले मेधावी छात्रों के सम्मान में रखा गया। जिसमें कक्षा दसवीं से 446 और कक्षा बारवहीं से 423 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। दसवीं और बारवहीं कक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 18 विद्यार्थियां को 51-51 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले आठ विद्यार्थियों को 31-31 हजार और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले चार विद्यार्थियों को 21-21 हजार रुपये की नगद राशि देकर सम्मानित किया। वहीं दूसरी और स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पांच विद्यार्थियों को 11-11 हजार रुपये की नगद रायिश देकर सम्मानित किया गया। 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले 869 विद्यार्थियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। सत्र 2019-20 में कक्षा दसवीं से तान्या गर्ग को जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 51 हजार और आर्यन को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 31 हजार की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। कक्षा बारहवीं से प्रेरणा को मेडिकल संकाय से, दिव्यांश गर्ग को नॉन मेडिकल संकाय जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 51 हजार, निशा और स्वाति को नॉन मेडिकल संकाय से द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 31-31 हजार, प्रतिशत और रिया को कॉमर्स संकाय से तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 21-21 हजार नगद राशि से सम्मानित किया गया।

#### राष्ट्रीय गान संग समारोह का समापन

शीतल को कॉमर्स संकाय से स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 11 हजार की राशि से सम्मानित किया गया। विधायक देवेंद्र अत्री ने बच्चों, अभिभावकों, अध्यापकगण व प्रबंधक कमेटी को बधाई देते हुए कहा कि मेरे लिए गर्व की बात है कि वो ऐसे होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित कर रहे हैं, जिन्होंने राज्य व जिला स्तर पर अपना, अपने माता-पिता व जिले का नाम रोशन किया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों की प्रशंसा करते कहा कि बच्चों ने अपने गीत व नृत्यों के माध्यम से पूरे भारत का भ्रमण करवा दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य अरूणा शर्मा ने विधायक, अन्य अतिथिगण व अभिभावकों का धन्यवाद करते स्कूल की रिपोर्ट प्रस्तुत की। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ समारोह का समापन हुआ।

#### ये रहे मौजूद

लक्षित मलिक को नॉन मेडिकल संकाय से स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 11 हजार की नगद राशि से सम्मानित किया गया। सत्र 2024-25 में कक्षा दसवीं से यशिका और सूर्यांश को जिलास्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 51-51हजार, अरविंद नेहरा को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 31 हजार, अंश और अक्ष्य दलाल को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 21 हजार की नगद राशि से सम्मानित किया गया। कक्षा बारहवीं से आदित्य शर्मा को मेडिकल संकाय से, निशा सैनी को नॉन मेडिकल संकाय से जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 51 हजार, पुलकित सिवाच को कला संकाय से द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 31 हजार की नगद राशि से सम्मानित किया गया।

#### मौलिमनी को 51 हजार

सत्र 2021-22 में कक्षा दसवीं से मौलिमनी जैन को जिलास्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 51 हजार की नगद राशि से सम्मानित किया। कक्षा बारहवीं से संस्कृति को कॉमर्स संकाय से, आन्या को कला संकाय से जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 51 हजार रुपये श्रुति को कला संकाय से द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 31 हजार की नगद राशि से सम्मानित किया गया। मानसी शर्मा को नॉन मेडिकल और मानसी को मेडिकल संकाय से स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 11-1 हजार रुपये की राशि से सम्मानित किया गया। सत्र 2022-23 में कक्षा दसवीं से आदित्य शर्मा को जिलास्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 51 हजार की नगद राशि से सम्मानित किया।

#### अंशुल को 51 हजार

कक्षा बारहवीं से भूमि को नॉन मेडिकल संकाय से, हार्दिक को कला संकाय से, अंशुल को मेडिकल संकाय से जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 51 हजार रुपये, ध्रुव मित्तल को कॉमर्स संकाय से द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 31 हजार की नगद राशि से सम्मानित किया गया। सत्र 2023-24 में कक्षा दसवीं से पूर्वी को सकूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 11 हजार की नगद राशि से सम्मानित किया गया। कक्षा बारहवीं से दिक्षा को कॉमर्स संकाय से, मौलिमनी जैन और देशहिंद को कला संकाय से, प्रणल को मेडिकल संकाय से जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 51-51 हजार की नगद राशि से सम्मानित किया गया।

---

### राम

कैथल। नारायण सेवा संस्थान शाखा कैथल द्वारा "हर घर खुशियों की दिवाली" अभियान के तहत सिरटा रोड स्थित कुष्ठ आश्रम में दिवाली महोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सेवा, संवेदना और सामाजिक सरोकार को समर्पित रहा। इस कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर प्रवीन जिंदल और मनोज गर्ग रहे। कार्यक्रम के दौरान संस्थान सदस्यों ने आश्रम में निवास कर रहे बंधुओं के साथ दिवाली की खुशियाँ मनाईं। इस अवसर पर सभी को मिठाई, पटाखे, दिये , और वस्त्र भेंट किए गए। संस्थान के सदस्यों ने बच्चों के साथ फुलझड़ियां चलाई तो बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने आश्रम में रह रहे सभी लोगों के संग आत्मीय संवाद किया तथा उन्हें यह अहसास कराया कि समाज उनके साथ है और हमेशा रहेगा।




कैथल। बाल भवन में सांस्कृतिक प्रस्तुती देती छात्राएं।



उचाना। चाणक्य स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

### धरना स्थल पर खोखे में लगी आग

उचाना। उचाना उपमंडल कार्यालय परिसर में 1043 दिनों से लगातार चल रहे संयुक्त किसान, मजदूर उचाना मोर्चा के सामान रखने वाले खोखे में आग लग गई। दीपावली के पर्व पर खोखे के अंदर ब्रेरड पकोड़ा सहित बनाने के लिए गैस चूल्हा जला कर कार्य चल रहा था। अचानक यहां से धुआं उठता नजर आया। आग की सूचना मिलने पर दमकल कर्मी फायर ब्रिगेड गाड़ी लेकर पहुंचे। दमकल कर्मियों द्वारा आग पर काबू पाया। धरना संयोजक आजाद पालवां ने कहा कि खोखे में रखा सामान जलकर राख हो गया। जो भी पर्व आता है उसको सभी सामूहिक रूप से मनाते है। पर्व को लेकर तैयारी चल रही थी अचानक खोखे में आग लग गई जिससे सामान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड गाड़ी आने के बाद आग पर काबू पाया जा सकें।




कुष्ठ आश्रम के बच्चों संग दीपावली मनाते नारायण सेवा संस्थान के सदस्य

### प्रतियोगिताओं में 200 बच्चों में दिखाई प्रतिभा

कैथल। जिला बाल कल्याण अधिकारी बलबीर चौहान ने बताया कि बाल दिवस 2025 के शुभ अवसर पर डीसी प्रीति के मार्गदर्शन में बाल भवन में मंगलवार को वन एक्ट प्ले, थियेटर, समूह नृत्य, कार्ड बनाना, दीया सजाना प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई । इन सभी प्रतियोगिताओं में जिले के सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले बच्चो को बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर 2025 को बाल भवन में पुरस्कृत किया जाएगा। इस प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक मण्डल की भूमिका डॉ. नवीन वर्मा, डॉ हिम्मत, रोहित, सन्नी कुमार, ज्योति लता, विजय दुहन, नरेश कुमार, बीरबल सिंह द्वारा निभाई गई। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में बुधवार को पोस्टर बनाना द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ, स्कैचिंग ऑन दी स्पॉट द्वितीय, तृतीय व चर्तुथ समूह में आयोजित करवाई जाएंगी।



उचाना। आग पर काबू पाते हुए दमकल कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### अरूण को बेस्ट टीचर अवार्ड मिला

उचाना। चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल, कसूहन में दीपावली का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। दीया मेकिंग, कैंडिल मेकिंग, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या रितु देवी ने कहा कि दीपावली का पर्व अधर्म पर धर्म की, बुराई पर अच्छाई की शिक्षा प्रदान करता है। दीपावली के कार्यक्रम में पूरे वर्ष को ओवरऑल चौथी कक्षा को बेस्ट क्लास, अरूण को बेस्ट टीचर अवार्ड दिया गया। हाउस बोर्ड सजावट प्रतियोगिता में डेस्टिनी सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विद्यालय के ट्रस्टी देवेन्द्र अत्री विधायक उचाना भी उपस्थित रहे।



उचाना। मित्र मिलन समारोह में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम।

### मित्र मिलन समारोह का आयोजन

उचाना। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खरकभूरा के खेल स्टेडियम में मित्र मिलन समारोह का आयोजन किया। खरकभूरा, पालवां से वर्षों पुराने दोस्त इसमें पहुंचे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन सुरेन्द्र शर्मा, शिक्षाविद रामप्रसाद शर्मा शामिल हुए। हर वर्ष की भांति क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। सीनियर वर्ग में 40 से 50 साल आयु एवं जूनियर वर्ग 35 से 40 साल आयु वर्ग के साथियों ने भाग लिया। सीनियर वर्ग में खरकभूरा की टीम विजयी रही। जूनियर वर्ग में पालवां गांव की टीम विजयी रही। सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से समाज में एक अच्छा संदेश जाता है। इस प्रकार के कार्यक्रम हर जगह किए जाने चाहिए, जिससे सद्भाव , पारस्परिक मित्र मिलन का संदेश पूरे समाज में फैले। विजेता टीमों के कप्तानों को ट्रॉफी दी गई। इस मौके पर सुबेर श्योकंद, मंजीत श्योकंद, धर्मबीर आर्य, रामफल खटकड़, देशराज शर्मा, सुरेश चौहान, जगबीर दूहन, रणपाल, शीशपाल, हरिकेश मौजूद रहे।

## अधिकारियों की लापरवाही से सड़ रहा अनाज

**सरकारी सपत्ति के साथ-साथ नागरिकों की सेहत से मजाक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



कलायत। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के भंडारण स्थल पर अनाज रखरखाव की लचर व्यवस्था।

कलायत में खाद्य आपूर्ति विभाग के भंडारण स्थल पर बड़ी मात्रा में गेहूं के सडने का मामला जारी है। इससे उन अधिकारियों की मुश्किलें बढना तय है जिनके कंधों पर अनाज रखरखाव की जिम्मेवारी है। भंडारण में भारी चूक के चलते अनाज की ऐसी मात्रा बड़ी है जो नागरिकों की तो दूर की बात पशुओं के खाने के लायक भी नही बचा। इसके मद्देनजर समाजसेवी संगठन सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। हालांकि इस पर संज्ञान लेते हुए पिछले माह मुख्यमंत्री उडनदस्ता ने गठित जांच टीम के साथ भंडारण स्थल का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान सैकड़ों के कट्टों के खराब होने की संभावना टीम ने जताई थी। इसके उपरांत भी खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी खराब अनाज को अलग करने की बजाए इसकी सप्लाई करने की योजना बुन रहे हैं। यह साफ तौर से नागरिकों की सेहत से खिलवाड़ है। भंडारण स्थल पर लंबे समय से रखे गेहूं के कटों की उचित देखरेख नहीं की गई। इससे नमी, फफूंदी और सडने की समस्या बढ़ती जा रही है। भंडारण स्थल पर सिर्फ गेहूं ही नहीं बल्कि उसे रखने के लिए इस्तेमाल होने वाला बारदाना भी पूरी तरह गल चुका है। यह रखरखाव में भारी लापरवाही की ओर इशारा करता है। समाजसेवी संगठनों ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया है।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### प्रशासनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय में एनईपी सेल और कंप्यूटर साइंस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रशासनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। इस प्रशासनिक कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर साइंस विभाग की प्राध्यापिका सुनीता ने किया। उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षण देते हुए अकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट पर आईडी को बनाने का तरीका समझाया। इसके साथ-साथ डिजिलॉकर पर आईडी कैसे बनाएं और अपने दस्तावेज कैसे डाउनलोड और अपलोड करें यह भी बताया। अकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट पर आईडी बनाने से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। सभी स्टाफ सदस्यों ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्यक्रम छात्राओं की एबीसी आईडी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में एनईपी सेल की सह संयोजक डा. गीता गुप्ता, अंजू के साथ-साथ समस्त गैर शैक्षणिक विभाग, कंप्यूटर विभाग से शिवानी, रितु, निश्चल कुमारी, सुरभि तथा अन्य स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति गरिमापूर्ण रही।

### रन फॉर यूनिटी का आयोजन 31 को

जींद। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष यह दौड़ पुलिस लाइन से एकलव्य स्टेडियम तक आयोजित की जाएगी। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राज्य स्तरीय रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में फतेहाबाद में मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इससे पहले पीएससीएम अरुण कुमार गुप्ता ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों को 31 अक्टूबर को सुबह सात बजे राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं आईजी अंबाला रेंज पंकज कुमार नैन ने भी रन फॉर यूनिटी को सफल बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए।

## पहली बार पुंडरीक तीर्थ पर अमृतसर की तर्ज पर आतिशबाजी

# पुंडरीक तीर्थ परिसर 5100 दीपों से जगमगाया

**शाम 5 से रात 9 बजे तक हुए भजन संध्या, धार्मिक अनुष्ठान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



पूंडरी। पुंडरीक तीर्थ पर मेले के दौरान विधायक। फोटो :हरिभूमि

पूंडरी में इस बार दीपावली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुंडरीक तीर्थ पर भव्य दीपावली मेले का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह आयोजन विधायक सतपाल जांबा के नेतृत्व में पहली बार इस स्तर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तीर्थ परिसर को आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया तथा स्वच्छ जल की व्यवस्था की गई। शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक चले कार्यक्रम में भजन संध्या, धार्मिक अनुष्ठान और अमृतसर की तर्ज पर शानदार आतिशबाजी ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। दीपावली के पावन अवसर पर अयोध्या की तर्ज पर 5100 दीप प्रज्वलित कर पुंडरीक तीर्थ को आलोकित किया गया। तीर्थ के सभी मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया गया। कार्यक्रम में हैफेड के पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत, नगर पालिका चेयरपर्सन बबली गोस्वामी, सरपंच लाभ सिंह जांबा, चैयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश , अनाज मंडी प्रधान सतीश हजवाना, हिशम सिंह बुक्कल, साहब सिंह, मुल्तान सिंह, रवि, बलबीर गोलन, जयपाल उर्फ बॉबी सैनी, कुलदीप सैनी, जगदीश क्वात्रा, राजेश बरसाना, हर्ष सेठी, अजित सिंह सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राघवाचार्य ने पुंडरीक तीर्थ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह तीर्थ अति प्राचीन है, जहां पुंडरीक ऋषि जी ने कठोर तपस्या की थी और उन्हें भगवान विष्णु का अवतार भी माना जाता है। यहां स्नान, पूजा और दान करने से कई गुना पुण्य फल प्राप्त होता है। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि पुंडरीक तीर्थ की यह दीपावली ऐतिहासिक रही है और आने वाले वर्षों में इसे और भी भव्य रूप में मनाया जाएगा ताकि यह आयोजन क्षेत्र की पहचान बने। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**कन्या गुरुकुल, गुरुकुल खेड़ा (उचाना)**

निम्नलिखित पदों के लिए साक्षात्कार 26-10-2025 को प्रातः 10 बजे गुरुकुल कार्यालय में आयोजित किया जायेगा ।
PGT Public Administration (Female)
**Qualification: M. A., B. Ed. HTET** Acountant
B. Com. with Computer knowledge
Driver, Bus conductor (Female), Security Man
**Vice President**
**9416147668**

## खबर संक्षेप

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**जींद।** उचाना के लितानी रोड रेलवे फाटक पर रेलवे लाइन पार करते समय रेलगाड़ी कर चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त न होने के कारण शव क नरवाना के नागरिक अस्पताल में रखवाया गया है। रेलवे थाना प्रभारी चरण सिंह ने बताया कि उम्र लगभग 25 वर्ष है। मृतक ने सफेद रंग की शर्ट तथा नीले रंग की पेंट पहनी हुई है।

### तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की जान गई

**कैथल।** खरक पांडवा गांव में तालाब में डूबने से करीब 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा उसके परिजनों को सौप दिया। ग्रामीणों का कहना है कि व्यक्ति के शरीर पर चोट जैसा कोई निशान नहीं मिला है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि व्यक्ति पैर फिसलने के कारण तालाब में गिरा है। उसके बाद तालाब से बाहर नहीं निकल पाया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**जींद।** गांव खरकरामजी के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांगोली निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई साहिल बाइक पर सवार होकर घर की तरफ लौट रहा था।

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 28 तक करें आवेदन

**कैथल।** हरियाणा महिला विकास निगम की जिला प्रबंधक शशि बाला ने बताया कि विभाग द्वारा केवल हरियाणा की बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) स्थायी निवासी लड़कियों/महिलाओं के लिए अशोका ले लैंड ड्राईविंग प्रशिक्षण संस्थान में 21 दिन का चालक प्रशिक्षण व आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण महिलाओं को निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

### अज्ञात ने हमला कर चाचा भतीजे को किया घायल

**जींद।** गांव सरफाबाद में चाचा-भतीजा पर हमला कर घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सरफाबाद निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भतीजे के साथ खेत में गया हुआ था। उसी दौरान खेत में अज्ञात आठ लोग पहुंचे और उसके भतीजे पर हमला कर दिया। जब भतीजे को छुड़ाने पहुंचा तो आरोपितों ने उस पर भी हमला कर दिया।

### हर्षोल्लास से मना दीपावली का पर्व

**उचाना।** दीपावली का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। पूरे दिन बाजारों में भीड़ रही। लोगों ने जमकर खरीददारी की। मंगलवार को भी बाजारों में भीड़ रही। सोमवार की अपेक्षा भीड़ कम थी। इस बार लोगों ने अलग-अलग दिनों में दीपावली मनाई। रात को घरों पर दीये लगाने के साथ-साथ लाइटों से घर को सजाया । लक्ष्मी पूजन घरों, दुकानों में किया गया।

### दुष्यंत चौटाला से अनिल शर्मा ने की मुलाकात

**उचाना।** उचाना नगर पालिका चेयरमैन पद का चुनाव जेजेपी से लडऩे चुके अनिल शर्मा ने दीपावली के पर्व पर पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला से मुलाकात की। यहां पर दीपावली के पर्व की शुभकामनाएं देने के साथ-साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। अनिल शर्मा ने कहा कि दुष्यंत चौटाला ने सत्ता का हिस्सा होते हुए अनेकों ऐतिहासिक काम किए।

### मंडी प्रधान ने की विधायक से मुलाकात

**उचाना।** दा फूड ग्रेन डीलर एसो प्रधान विकास पंघाल नचार ने विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से मुलाकात कर उनको दीपावली के पर्व की बधाई दी। नचार ने कहा कि उचाना को ऐसा विधायक मिला है जो निरंतर हर वर्ग के लिए कार्य कर रहा है। मंडी संबंधित जब भी कोई समस्या सामने आई तो विधायक से उसको तुरंत प्रभाव से दूर करवाने का काम किया है।

---

*जींद में रोक के बावजूद आतिशबाजी ने की आबोहवा खराब और जिले में पांच जगह हुई आगजनी*

# जमकर आतिशबाजी से खतरनाक स्तर पर पहुंचा एक्यूआई

**खेतों में फसल अवशेष जलने के तीन मामले सामने आए**

## रात को प्रदूषण का स्तर 500 के पार पहुंच, सुबह 10 बजे 366 तक आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दीपावली पर्व पर जिलाभर में प्रतिबंध के बावजूद जमकर आतिशबाजी की गई। हालांकि प्रशासन ने पटाखों की बिक्री व आतिशबाजी पर रोक लगाने की बात कही थी लेकिन ऐसा संभव नही हो पाया। शहर व ग्रामीण क्षेत्र में आधी रात के बाद भी तेज ध्वनि के पटाखे चलते रहे। जिससे रात को प्रदूषण का स्तर 500 के पार पहुंच गया था। आसमान में स्मॉग छाया रहा। सुबह 10 बजे भी प्रदूषण का स्तर 366 था। उसके बाद कुछ राहत मिली और दोपहर को एक्यूआइ 200 के नीचे आया। वहीं खेतों में भी फसल अवशेष जलने के तीन मामले सामने आए हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अश्विनी कुमार ने बताया कि जिले में पांच जगह हुई आगजनी। नरवाना में पैलेस और कूड़े के ढेर में लगी। जींद के सुभाष नगर में मकान में आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान। उचाना तहसील कार्यालय में सिलिंडर फटने से किसानों के धरना स्थल पर आग लगी। जिससे काफी सामान जल गया। रोक के बावजूद जमकर हुई आतिशबाजी ने की आबोहवा खराबः दीपावली की रात को जमकर आतीशबाजी हुई तो फिर से एक्यूआई बढ़ गया और यह खतरनाक जोन में पहुंच गया। शाम साढ़े छह बजे से शहर में पटाखे बजने शुरू हुए थे और रात 12 बजे के बाद भी शहर की कई कॉलोनियों में पटाखों की गूंज सुनाई दी। रह रह कर पटाखों से उठ रहा धुआं आमजन के लिए परेशानी बना हुआ था। मंगलवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 19 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि हवा की गति पांच किलोमीटर प्रति घंटा व मौसम में आद्रता 76% बनी रही। दिन चढऩे के साथ ही मौसम साफ हुआ और हवा चली तो एक्यूआई में कमी आई।



जींद। आतिशबाजी से उठता धुआं। फोटो :हरिभूमि



जींद। कूड़े के ढुर से उठता धुआं। फोटो :हरिभूमि

### स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

प्रदूषण का स्तर बताता है कितना हमारे के लिए खतरनाक 0.50 स्वास्थ्य के लिए बेहद अच्छा, 51-100 संतोषजनक (संवेदनशील लोगों को सांस लेने में मामूली तकलीफ), 101-200 संतुलित फेफडे, दमा और हृदय रोग से पीड़ित लोगों को सांस लेने में तकलीफ , 201-300 पूअर (लंबे समय तक एक्सपोजर पर ज्यादातर लोगों को सांस लेने में तकलीफ ), 301-400 वैरी पूअर लंबे समय तक एक्सपोजर पर सांस की बीमारी होने का खतरा, 400-500 बेहद गंभीर जो स्वस्थ लोगों को भी प्रभावित करता है और सांस की बीमारियों वाले लोगों को गंभीर रूप से प्रभावित करता है।

### विशेष ध्यान रखें

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि इस मौसम एलर्जी, सांस व छोटे बच्चों के लिए खतरनाक है। प्रदूषण बढऩे से सांस, दमा, एलर्जी के मरीजों की परेशानियां बढ़ जाती हैं। ऐसे में एलर्जी मरीजों को इस दौरान बाहर बेहद कम निकलना चाहिए। प्रदूषण बढऩे से सांस, दमा, एलर्जी के मरीजों की परेशानियां बढ़ जाती हैं।बाहर निकलते हुए मास्क का प्रयोग करना चाहिए।

### इन तरीकों से बचाएं

तेज बाइक चलाने से बचें। बाइक चलाते हुए चश्मे का प्रयोग करें। आंख से पानी आने या जलन की समस्या होने पर चिकित्सक की सलाह लें। घर में ही रह कर नियमित व्यायाम करें। इस समय सुबह व शाम की सैर को कुछ दिनों के लिए रोक दें और घर में ही रहकर व्यायाम करें। एलर्जी के मरीजों को इस समय खुले में ज्यादा घूमने से बचना चाहिए। घर से बाहर निकलते हुए मास्क का प्रयोग करें।

## आतिशबाजी से कैथल का 335 तक पहुंचा एक्यूआई

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

दीपावली की रोशनी के साथ कैथल की हवा में अब धुंध और जहरीले कणों की मिलावट बढ़ने लगी है। इस कारण सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। बीते दो दिनों में शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स सामान्य स्तर से करीब चार गुना तक बढ़ गया है। जहां सामान्य दिनों में इंडेक्स 80 से 100 के बीच रहता है, वहीं अब यह बढ़कर 335 तक पहुंच गया है। यह स्तर /"खतरनाक श्रेणी/" में गिना जा रहा है। अब हालात ऐसे हैं कि सुबह और शाम के समय सड़कों पर धुंध की चादर नजर आने लगी है। लोगों को आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में परेशानी जैसी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। खासकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह हवा नुकसानदेह साबित हो रही है। पराली नहीं, पटाखे और वाहनों की बढ़ी रफ्तार बनी वजहः हर साल धान की कटाई के बाद पराली जलाने को प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण माना जाता है। लेकिन इस बार तस्वीर कुछ अलग है। प्रदूषण नियंत्रण विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस सीजन में अब तक सिर्फ दो मामले पराली जलाने के दर्ज हुए हैं, जबकि पिछले साल करीब 195 मामले सामने आए थे। दोनों किसानों पर कार्रवाई भी हो चुकी है। इसके बावजूद शहर की हवा जहरीली हो गई है।

### यूं बरतें सावधानी

स्वास्थ्य विभाग ने भी नागरिकों को सचेत किया है कि इस समय बुजुर्ग, बच्चे और अस्थमा या सांस के मरीज घर से कम बाहर निकलें, एन-95 मास्क का इस्तेमाल करें और पर्याप्त पानी पिएं। आंखों में जलन या सांस फूलने की स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। प्रदूषण की इस तेज रफ्तार ने प्रशासन और नागरिकों दोनों की चिंता बढ़ा दी है। यदि अगले कुछ दिनों में हवा की दिशा नहीं बदली, तो कैथल की वायु गुणवत्ता स्तर और भी गिर सकता है।

### अनावश्यक चीजें न जलाएं

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एसडीओ सतीश कुमार ने बताया कि सामान्यतः पराली जलाने से हवा खराब होती थी, लेकिन इस बार ऐसे मामले बहुत कम हैं। इसके बावजूद एक्यूआई तेजी से बढ़ा है। विभाग की ओर से विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। अगर किसी इलाके में अनावश्यक रूप से चीजें जलाने का मामला सामने आता है, तो दोषी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कचरा, पॉलिथीन या सूखे पत्ते न जलाएं, और पटाखों का इस्तेमाल कम करें। उन्होंने कहा, "त्योहार की खुशियां तभी मायने रखती हैं जब हमारा वातावरण भी स्वस्थ रहे।"

---

# बच्चों ने अभिभावकों संग बनाई रंगोली

## इंडस स्कूल में दीपावली के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग जींद में दीपावली के अवसर पर रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी के अभिभावक आमंत्रित थे । बच्चों की मदर्स ने रंगोली मेकिंग कंपटीशन में भाग लिया। नन्हे-नन्हे बच्चों ने स्टेज पर बहुत ही मनभावन प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया कि दिवाली हमें अंधकार से प्रकाश की ओर अर्थात नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर ले जाती है।



जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बच्चे।

### विजेताओं को किया पुरस्कृत

इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के डायरेक्टर सुभाष श्योराण ने अभिभावकों को संबोधित करते कहा कि ऐसे आयोजन न केवल सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करते है बल्कि माता पिता और विद्यालय के बीच एक मजबूत संस्कृतनिष्ठ जुड़ाव भी स्थापित करते हैं। साथ ही साथ उन्होंने सभी को दिवाली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्राचार्या अरुणा शर्मा उपस्थित रही। रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली सभी मदर्स को पुरस्कृत किया गया। अंत में मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर ने प्राधिकारियों व अभिभावकों को उनके आगमन के लिए धन्यावाद किया और दिवाली की शुभकामनाएं दी।

### युवती को शादी का झांसा देकर 1.88 लाख का चूना

**जींद।** फोन पर एक युवक को लड़की से दोस्ती करना मंहगा पड़ गया। युवती ने युवक को शादी के सब्जबाग दिखा एक लाख 88 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात युवती के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हकीकत नगर निवासी नितिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कपड़े का काम करता है। गत 21 अगस्त को उसके फोन पर एक लड़की की कॉल आई। जिसने गलती से कॉल लगने की बात कही। लड़की ने अपना नाम शिल्पा बताया। जिसके बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने का सिलसिला शुरू हो गया और बात शादी तक जा पहुंची। युवती ने कभी परिजनों के बीमार होने तो कभी कोई बहाना बना कर उससे रुपये अपने खाते में डलवाने शुरू कर दिए। 31 अगस्त तक वह उससे एक लाख 88 हजार रुपये ऐंठ चुकी थी।



उचाना। गली निर्माण का जायजा लेने पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।


### विधायक ने गली निर्माण का लिया जायजा

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री उचाना कलां में अशोक शर्मा के निवास पर पहुंचे। यहां पर लोगों से मिलने के बाद उनकी समस्याओं को भी सुना। शिव मंदिर को जाने वाले रास्ते का चल रहे काम का जायजा भी लिया। लोगों ने बताया कि इस गली निर्माण की मांग काफी पुरानी है। विधायक द्वारा इस मांग को पूरा किया। मंदिर को जाने वाला प्रमुख रास्ता होने के साथ-साथ ये रास्ता शहर की तरफ भी जाता है। यहां पर जलभराव बिना बारिश के सीवरेज ओवर फ्लो होने से रहता था। सड़क का लेबल गली से ऊंचा होने से पानी की निकासी नहीं होती थी। अब इस समस्या का जड़ से समाधान विधायक ने करवाने का काम किया। विधायक ने कहा कि विकास उचाना का सपना पूरा हो ये उनकी सोच है। गली निर्माण को लेकर मामला उनके संज्ञान में आया तो इसको लेकर संबंधित विभाग से बातचीत की। बड़ी खुशी हुई जब उचाना कलां पहुंचे तो गली का काफी काम पूरा हो चुका था। प्राचीन शिव मंदिर में जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी होती थी तो आम जनमानस भी परेशान था।

### सोलुमाजरा में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**कैथल।** कैथल के कस्बा ढांड के गांव सोलू माजरा में एक युवक ने पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन समाप्त कर ली। युवक की उम्र करीब 30 साल बताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के बाद नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। उसकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रथम दृष्टया अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक प्रवासी है और मजदूरी के काम के लिए कैथल आया हुआ था। ढांड थाना प्रभारी रेखा रानी ने बताया कि रविवार को शाम के समय पुलिस को राहगीरों ने सूचना दी कि गांव सोलू माजरा के नजदीक किसी युवक का शव पेड़ पर लटका हुआ है। वह अनुमान से कोई प्रवासी मजदूर लग रहा है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया। रेखा ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर उनकी टीम मौके पर पहुंच गई थी।

---



जींद। विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी।

### विश्व के प्रथम इंजीनियर थे भगवान विश्वकर्माः सैनी

**जींद।** भगवान विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर सफीदों कस्बे में स्थित जांगिड़ ब्राह्मण धर्मशाला और भाटिया धर्मशाला में मंगलवार को विशेष कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिनमें हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रमों में पहुंचने पर आयोजकों ने पारंपरिक रीति रिवाज से फूल मालाओं और पगड़ी पहनाकर कर्मवीर सैनी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने धर्मशाला परिसर में सबमर्सिबल पंप का उद्घाटन किया और पौधारोपण कर समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि पेड़ व पौधे केवल पर्यावरण की शुद्धता के लिए नही बल्कि मानव जीवन की निरंतरता के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। अपने संबोधन में भगवान विश्वकर्मा के योगदान पर प्रकाश डालते कर्मवीर सैनी ने कहा कि वे विश्व के प्रथम इंजीनियर माने जाते हैं। आज जितने भी कारीगर, शिल्पकार और तकनीकी रूप से दक्ष लोग अपनी मेहनत से रोजी.रोटी चला रहे हैंए यह सभी भगवान विश्वकर्मा की देन है। हरियाणा राज्य सूचना कर्मवीर सैनी ने कहा कि समाज में हुनर और श्रम का जो महत्व है, उसकी पहचान भगवान विश्वकर्मा के विचारों से ही होती है। हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार भी भगवान विश्वकर्मा द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलते कारीगरों मजदूरों और तकनीकी श्रमिकों के हित में कई योजनाएं चला रही है।

# हैफेड खरीद केंद्र पर जड़ा ताला

**नमी की मात्रा 17 होने पर भी धान की खरीद न करने से नाराज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत अनाज मंडी में एक बार फिर से भारतीय किसान मजदूर यूनियन ने हैफड़ खरीद केंद्र कार्यालय पर ताला जडक़र प्रदर्शन किया। यूनियन नेता नमी की मात्रा 17 होने पर भी धान की खरीद न करने से नाराज थे। गुस्साए किसानों ने पहले तो खरीद केंद्र कार्यालय पर ताला लगा दिया उपरांत वे धरने पर बैठे गए। हैफड़ प्रबंधक सुखदीप सिंह द्वारा किसानों को दिए गए आश्वासन के बाद कार्यालय का ताला खुला। भाकियू नेता महावीर चहल ने बताया कि 17 माउचर धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदा जा रहा। इस समस्या को लेकर उन्होंने कई बार इंस्पेक्टर को फोन किया। लेकिन न तो वे मौके पर पहुंचे और न खरीद शुरू की गई। विवश होकर किसानों ने हैफड़ खरीद केंद्र कार्यालय पर ताला लगाना पड़ा। नरेंद्र मागो माजरी, सुंदर गिल, दीपक चहल, लक्ष्य मौण, किशन खेड़ी शेरखा, सतीश कमालपुर, जोगेंद्र सोनू सिंगवाल, वीरेंद्र सिंह व अन्य किसानों ने कहा कि मेहनत से तैयार धान को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदा जा रहा। किसानों पर सरकार द्वारा तय एमएसपी से 150-200 रुपए प्रति क्विंटल कम भाव पर धान बेचने का दबाव बनाया जा रहा है।



कलायत। हैफड़ खरीद केंद्र पर ताला लगाते किसान।



जींद। पिंडारा तीर्थ पर पिंडदान करवाते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### पिंडारा तीर्थ में श्रद्धा की लगाई डुबकी

**जींद।** कार्तिक अमवस्या पर पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर पितृ तर्पण किया। इस मौके पर यहां मेले का भी आयोजन किया गया। कार्तिक अमावस्या श्रद्धालुओं के लिए बेहद खास रहती है। इस दिन पितृ तर्पण करने से पितृ खुश होते हैं। साथ ही प्रत्येक माह आने वाली अमावस्या का हिंदू धर्म में काफी धार्मिक महत्व है। इस दिन व्रत करने का विधान है साथ ही पितरों को जलए तिल भी दिया जाता है। तड़के से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्यान्ह के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आएं श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्यदेव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया।

---

**परेशानी** — सांसद ने कलायत अनाज मंडी का दौरा कर लिया धान खरीद प्रबंधों का जायजा

*प्रोत्साहन राशि को अब सरकार ने एक हजार से बढ़ाकर 1200 रुपये प्रति एकड़ किया*

# सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में फसल खरीद को लेकर बनी पारदर्शी नीति : नवीन जिंदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि किसानों की फसल का दाना-दाना खरीदने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के किसान परिवार से होने का लाभ कृषि क्षेत्र को मिल रहा है। उन्हीं के मार्गदर्शन में फसल खरीद को लेकर ऐसी नीति बनाई गई है, जिसमें पूरे पारदर्शी तरीके से काम किया जा रहा है। सांसद नवीन जिंदल कलायत का अनाज मंडी का दौरा करके खरीद प्रबंध का जायजा ले रहे थे। इस दौरान किसानों से मुलाकात करते हुए कहा कि मेरी फसल, मेरा ब्यौरा पोर्टल के जरिए सभी किसानों का रजिस्ट्रेशन सरकार द्वारा किया गया है। ई खरीद एप के जरिए किसान अपने मोबाइल पर ही अपनी फसल की बिक्री, जे फॉर्म और भुगतान संबंधी विवरण को स्वयं चेक कर सकते हैं। फसल उठने के बाद तय समय में बैंक खाते के माध्यम से किसानों को भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके अलावा फसल अवशेष प्रबंधन में सहयोग करते खेतों में आग न लगने वाले किसानों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को अब सरकार ने एक हजार से बढ़ाकर 1200 प्रति एकड़ कर दिया है। उन्होंने मार्केट कमेटी कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि किसी भी किसान को फसल बेचने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके उपरांत सांसद नवीन जिंदल ने कैथल में कपिल कमल भाजपा कार्यालय में हुए कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को त्यौहारों की बधाई दी।



कलायत। अनाज मंडी का दौरा करते सांसद नवीन जिंदल।

### ये रहे मौजूद

पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, राजीव राणा मंडल अध्यक्ष कलायत, मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन राणा, वाइस चेयरमैन ऋषिपाल सहारन, पूर्व मंडी प्रधान जयदीप राणा, जिला सचिव अजय प्रताप राणा, पूर्व वाइस चेयरमैन राकेश कंसल, वीरेंद्र राणा, नगरपालिका चेयरमैन अंकित जैलदार, पार्षद अनिल कंसल, भगवान, अशोक बंसल, पवन सिंगला, कृष्ण सिंगला, पार्षद राजेश राणा, सुरेंद्र सिंगला, संजय जिन्दल, पवन गर्ग, अनिल गर्ग सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कैथलः पिकअप और आटो की टक्कर में पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के गांव माघो माजरी के पास एक बोलेरो गाड़ी और ऑटो के बीच हुई टक्कर में पांच व्यक्ति घायल हो गए। ये सभी कैथल के गांव मानस में धान कटाई का काम करने यूपी से आए थे और दिवाली पर अपने घर लौट रहे थे। इस संबंध में ऑटो के ड्राइवर ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने गाड़ी ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव मानस के दलबीर ने सदर थाना में दी शिकायत में बताया कि वह ऑटो चलाता है। 19 अक्टूबर की शाम के समय उसके पास गांव के ही रामफल का फोन आया, जिसने कहा कि उसके पास यूपी से लेबर आई हुई है। उनको अपने घर दिवाली मनाने जाना है। इस लेबर को रेलवे स्टेशन कैथल पर छोड़कर आए। वह अपनी ऑटो लेकर रामफल के पास उसके खेत में पहुंचा। वहां से यूपी के गांव गुमटी जाने के लिए कर्मबीर, अभिषेक, सोमपाल, राहुल व सूरज ऑटो में बैठ गए। शाम करीब साढ़े छह बजे वह गांव माघो माजरी- फ्रांसवाला रोड के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे एक बोलेरो पिकअप गाड़ी के ड्राइवर ने तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनको टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ऑटो पलट गई और उन सभी को चोटें आई। कार ड्राइवर अपनी कार को लेकर मौके से भाग गया।